प्रेषक,

निदेशक (उच्च शिक्षा), उ0 प्र0,
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः–डिग्री विकास/ /2020–21 दिनांक 16/ 07 /2020

विषयः–प्रदेश में स्थित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में तैनात शिक्षकों की जाँच के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र सं0–437/सत्तर–2–2020–16(79)/2020 दिनांक 26.06.2020, पत्र सं0 442/सत्तर–2–2020–16(49)/2020 दिनांक 30.06.2020, अर्द्ध शा0 प0 सं0–462/सत्तर–2– 2020–16(49)/2020 उच्च शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 07.07.2020 पत्र सं0–465/सत्तर–2–2020–16(49)/2020 दिनांक 08 जुलाई 2020 तथा इस कार्यालय के पत्रांक डिग्री विकास/397–405/2020–21 दिनांक 09.07.2020, पत्र सं0 डिग्री विकास/397–405/2020–21 दिनांक 09.07.2020 एवं पत्र सं0–डिग्री विकास/406–14/2020–21 दिनांक 10 जुलाई 2020 का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जो प्रदेश में स्थित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में तैनात शिक्षकों की जाँच के संबंध में है। शिक्षकों की जाँच कार्य की प्रगति अद्यतन नितांत असंतोषजनक है।

जुलाई माह के तीसरे सप्ताह की जाँच कार्य की प्रगति की सूचना दिनांक 17.07.2020 को क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा निदेशालय को उपलब्ध करायी जानी है। उक्त के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि जाँच कार्य 75 प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा।

प्रश्नगत प्रकरण में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए शिक्षकों के सत्यापन में प्रभावी कार्यवाही समयवद्ध रूप से सुनिश्चित करें। इस प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता/उदासीनता शासन द्वारा गंभीरता से लिया जायेगा तथा उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

Scanned by CamScanner

अतएव उक्त के संबंध में निर्दिष्ट किया जाता है कि दिनांक 17–07–2020 सांय 4.00 बजे तक जनपदवार जाँच की सूचना संकलित कर निदेशालय की ई0 मेल0 आई0 डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संकलित सूचना ससमय शासन को प्रेषित की जा सके। सप्ताहिक जाँच की सूचना निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो सूचना अप्राप्त अंकित करते हुए शासन को प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी की होगी।

भवदीय

डॉ0 (हिरेन्द्र प्रताप सिंह)
संयुक्त निदेशक (उ0 शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0 शि0), उ0 प्र0,
प्रयागराज

पृ0 सं0:–डिग्री विकास/ 471-80 /2020–21 उसी तिथि को
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1–विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2–जनपदवार नामित नोडल अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को सप्ताहिक जाँच की सूचना निर्धारित समयावधि में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जनपदों की संकलित सूचना समय से निदेशालय को प्रेषित कर सकें।

डॉ0 (हिरेन्द्र प्रताप सिंह)
संयुक्त निदेशक (उ0 शि0)
कृते शिक्षा निदेशक (उ0 शि0), उ0 प्र0,
प्रयागराज

Scanned by CamScanner